# Lucknow University Athletic Association

1st Floor, Paranjpe Sports Pavilion Building
University of Lucknow, Lucknow-226 007


Ref. No. 2490/ATH/B/2026 | Date: 24/08/2026

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एवं संयुक्त समस्त महाविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

**विषयः जिला स्तरीय इंटर– कॉलेजिएट खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत करना है कि माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के तत्वावधान में जनपद लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी में विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय इंटर–कॉलेजिएट खेल प्रतियोगिताओं (महिला/पुरूष वर्ग) का आयोजन माह सितम्बर, 2026 में किया जाना प्रस्तावित है।

जिला स्तर पर आयोजित की जाने वाली खेल प्रतियोगिताओं का विवरण निम्नवत् हैः

1. एथलेटिक्स
2. फुटबॉल
3. वॉलीबॉल
4. बास्केटबॉल
5. खो–खो
6. कराटे
7. टग ऑफ वॉर
8. क्रिकेट
9. कबड्डी

उक्त प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु इच्छुक महाविद्यालयों से अनुरोध है कि वे संबंधित खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए अपना प्रस्ताव विस्तृत बजट सहित दिनांक 07 सितम्बर, 2026 तक अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करने का कष्ट करें। (यह भी स्पष्ट किया जाता है कि प्रतियोगिता के आयोजन पर होने वाले समस्त व्यय का वहन इच्छुक महाविद्यालय द्वारा स्वयं किया जाएगा)। उक्त प्रस्ताव लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की ई–मेल आईडी luathletic@gmail.com पर भी प्रेषित किए जा सकते हैं।

अतः सभी इच्छुक महाविद्यालयों से अनुरोध है कि निर्धारित समय–सीमा में अपने प्रस्ताव प्रेषित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करें, जिससे प्रतियोगिताओं के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु उचित कार्यवाही समय से सम्पन्न की जा सके।

**नोटः दिनांक 07 सितम्बर, 2026 सायं 5:00 बजे के पश्चात प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाना संभव नहीं है।**

सादर।

भवदीय,

(प्रो० अजय कुमार आर्य)

24/08/2026

(प्रो० अजय कुमार आर्य)

General Secretary
Lucknow University
Athletic Association
University of Lucknow

प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।


Contact No. : 7991200599
E-mail : luathletic@gmail.com